# समाचार पत्रक
## (अप्रैल से जून 2024)

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.2, अम्बाला छावनी
## (प्राथमिक विभाग)

# उद्देश्य

- इस समाचार पत्रक का उद्देश्य छात्रों द्वारा सीखने की प्रक्रिया के दौरान की गई गतिविधियों को उजागर करना है।
- यह हमारे संस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP2020) के कार्यान्वयन को दिखाएगा।

# हमारे मार्गदर्शक



श्री वरुण मित्रा जी (उपायुक्त)



*श्री भूपेश भट्ट जी (सहायक आयुक्त)
श्री टी प्रीतम जी (सहायक आयुक्त)
श्री संजीत कुमार जी (सहायक आयुक्त)
श्री दीदार सिंह जी (सहायक आयुक्त)



श्री हरिंद्र सिंह लाम्बा
प्राचार्य
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.2, अम्बाला छावनी

## प्राचार्य जी की कलम से

- प्राथमिक स्तर पर छात्र का अपने प्रवेश से रागात्मक संबंध होता है । परिणाम स्वरूप उनके सीखने की प्रक्रिया में ऐसी गतिविधियों का समावेश किया जाता है, जिनके साथ वह नियमित रूप से अंत:क्रिया कर सकें । हमारा प्रयास यह रहा है कि निपुण भारत मिशन एवं नई शिक्षा नीति-2020 के सानिध्य में हम अपने छात्रों को ऐसा वातावरण उपलब्ध करवा सकें जहां वे सहजता के साथ न केवल सीखें अपितु बेहतर मानवीय मूल्यों को भी अपने चरित्र में आत्मसात कर सकें । प्राथमिक विभाग के सभी नन्हें विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ ।



श्री मनीष सेमवाल
उप-प्राचार्य
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.2, अम्बाला छावनी

## उप-प्राचार्य जी की कलम से

मेरे लिए यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि प्राथमिक विभाग की ओर से समाचार पत्रक जारी किया जा रहा है| संवादपत्र विद्यालय में प्राथमिक विभाग के बच्चों के द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को दर्शाने का कार्य करता है| विद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ-साथ छात्र-छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक गतिविधिया वर्ष पर्यन्त चलती रहती है| इस पत्र के माध्यम से आप अवगत हो सकेंगे कि विद्यालय में कला एवम प्रतिभा को संवारने हेतु प्रतिदिन नए व अथक प्रयास किए जा रहे है |

मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी आगे चलकर प्रबुद्ध, देशभक्त, सशक्त एवम विविध कौशलों से परिपूर्ण सभ्य नागरिक बनेंगे एवम समाज और देश के विकास में अपना यथासंभव योगदान देकर मानव जीवन को सफल बनायेंगे।




**श्री अनिल कुमार**
**मुख्याध्यापक**
**(प्राथमिक विभाग)**
**पीएम श्री के.वि.2,अम्बाला छावनी**

- मेरे लिए यह प्रसन्नता का विषय है कि पीएम श्री के.वि. क्र.2 अंबाला छावनी हर तिमाही की तरह इस बार भी अपनी संवाद पत्रिका प्रकाशित कर रहा है। यह पत्रिका विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का दर्पण है। विद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न गतिविधियां चलती है। आशा है कि यह संवाद पत्रिका विद्यालय द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों के प्रतिबिंब के रूप में कार्य करेगा और आने वाले दिनों में बच्चों को अपनी रचनात्मक क्षमता को और निखारने के लिए प्रेरित करेगा। मैं अपनी संपादकीय टीम तथा प्राथमिक विभाग के अन्य सभी साथियों को बधाई देता हूँ जिन्होंने इस पत्रिका के प्रकाशन में योगदान दिया। साथ ही मैं अपने विद्यालय के प्राचार्य श्री हरिंदर सिंह लाम्बा जी और उपप्राचार्य श्री मनीष सेमवाल जी का आभार प्रकट करता हूँ जो हर कदम पर हमारा मार्गदर्शन करते हैं। सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ ।

# पुस्तकोपहार (05.04.2024)

केन्द्रीय विद्यालय संगठन की अभिनव पहल, पुस्तकों का आदान प्रदान, कागज़ बचाएँ, वृक्ष बचाएँ।



# विश्व स्वास्थ्य दिवस

**प्रति वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाताहै। इस दिवस का उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करना है।**



# बैसाखी (12.04.2024)

बैसाखी कृषि से जुडा हुआ एक त्योहार है, जिसे पंजाब और हरियाणा में काफी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार सिख नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है।



# विश्व पृथ्वी दिवस (22.04.2024)

**इस दिवस का उद्देश्य विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए चिंता के प्राथमिकता वाले क्षेत्र को उजागर करने के लिए एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय के बारे में जागरूकता पैदा करना है।**



# माननीय सहायक आयुक्त का विद्यालय में आगमन

## (22.04.2024)




माननीय श्री भूपेश भट्ट, सहायक आयुक्त के.वि.सं , गुरुग्राम संभाग ने दिनांक 22 अप्रैल 2024 को प्राथमिक विभाग का निरीक्षण किया। बच्चों से वार्तालाप की। बच्चों से उनके पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न पूछे। सही उत्तर देने पर बच्चों को पुरस्कृत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# फाइल साज- सज्जा प्रतियोगिता

## कक्षा-5 के बच्चों द्वारा फाइल कवर को सजाकर एक नया रूप दिया गया जिससे बच्चों में सृजनात्मकता को बढावा मिला






# विश्व श्रम दिवस (01.05.2024)

**श्रम दिवस एक विशेष दिन है जो मजदूरों और श्रमिक वर्ग को समर्पित है। यह मजदूरों की कड़ी मेहनत को सम्मानित करने का दिन है।**



# अभिनन्दन समारोह

## कक्षा-1 और बालवाटिका-3 के बच्चों के स्वागत  समारोह में स्वागत कार्ड बांटे गए और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु अभिभावकों का मार्गदर्शन किया ।



# सलाद साज –सज्जा प्रतियोगिता

सलाद सजाने की प्रतियोगिता स्वादिष्ट भोजन बनाने और अपनी रचनात्मकता दिखाने का एक मजेदार तरीका है। चाहे आप पैटर्न से बना एक साधारण सजाया हुआ सलाद बनाने की कोशिश कर रहे हों या जानवरों या फूलों जैसी अधिक जटिल सजावट, ऐसे कई अलग-अलग विचार हैं जो आपको कुछ बढ़िया बनाने में मदद करेंगे।



# माननीय श्री वरुण मित्रा ,उपायुक्त, के.वि.सं. गुरुग्राम संभाग

**द्वारा पीएम श्री विद्यालयों में मंगवाए गए सामान के निरीक्षण हेतु विद्यालय का भ्रमण किया व सामग्री के उचित क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**





# विश्व योग दिवस (21.06.2024)

## रोगमुक्त जीवन जीने की हो चाहत
## तो नियमित योगाभ्यास की डालो आदत।





# कक्षा-कक्ष गतिविधियाँ

## बच्चों का गतिविधियों में शामिल होकर सीखना, उनके मस्तिष्क में लम्बे समय तक ज्ञान का प्रवाह करता है






# अध्यापकों द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन

**बच्चे अनुकरण से ज़्यादा सीखते हैं, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अध्यापकों द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।**





# विन्दलास स्मृति पुरस्कार

**श्रीमती प्रवेश विन्दलास समिति द्वारा विद्यालय की  दो शिक्षिकाओं जिनमें श्रीमती श्वेता (स्नातकोत्तर शिक्षिका-संगणक) और श्रीमती वनीता गोयल (प्राथमिक शिक्षिका) को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक की उपाधि से अलंकृत किया गया ।**





# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.2, अम्बाला छावनी

## समाचार-पत्रों की सुर्ख़ियों में



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय छावनी में हुआ पुस्तकोपहार उत्सव का आयोजन

पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में मनाया गया पृथ्वी दिवस

अभिनंदन समारोह में बांटे स्वागत कार्ड

पीएम श्री के.वि. क्रमांक 2 में हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का हुआ आयोजन




**सौजन्य से :-**
**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.2**
**अम्बाला छावनी**
**(प्राथमिक विभाग)**